बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

Head Office, Lokmangal
1501, Shivaji Nagar, Pune 411005
020- 25614285
cmmedia@mahabank.co.in

## प्रेस विज्ञप्ति

**दिनांक : 15 जनवरी, 2025**

## 31 दिसम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही व नौ माह के लिए वित्तीय परिणाम

**परिणाम एक दृष्टि में**

**31 दिसम्बर 2023 तिमाही की तुलना में 31 दिसम्बर 2024 तिमाही**

- **कुल व्यवसाय 16.86% की वृद्धि के साथ ₹507,650 करोड़ हो गया**
- **कुल जमाराशियां 13.54% से बढ़कर ₹279,007 करोड़ हो गईं**
- **सकल अग्रिम 21.19% की वृद्धि के साथ ₹228,642 करोड़ हो गए**
- **ऋण - जमा (सीडी) अनुपात 81.95% रहा**
- **सकल एनपीए घटकर 1.80% रहा**
- **निवल एनपीए घटकर 0.20% रहा**
- **प्रावधान कवरेज अनुपात 98.28% रहा**
- **निवल लाभ 35.82% बढ़कर ₹1,406 करोड़ रहा**
- **परिचालन लाभ 14.46% बढ़कर ₹2,303 करोड़ रहा**
- **निवल ब्याज आय 19.37% बढ़कर ₹2,943 करोड़ हो गई**
- **निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) सुधरकर 3.98% रहा**
- **लागत से आय अनुपात 38.27% रहा**
- **आस्तियों से आय (आरओए) सुधरकर 1.78% हो गई**
- **इक्विटी से आय (आरओई) 22.36% रहा**
- **सीआरएआर सुधरकर 18.71% हो गया, जिसमें 14.70% टियर-I है**

*UnClassified*

प्रधान कार्यालय, लोकमंगल
1501, शिवाजीनगर, पुणे-411005
020-25614324
media@mahabank.co.in

**लाभप्रदता (31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही)**

- निवल लाभ वित्तीय वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के ₹1036 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 35.82% बढ़कर वित्तीय वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में ₹1,406 करोड़ हो गया। तिमाही-दर-तिमाही क्रमिक आधार पर इसमें 6.01% की वृद्धि हुई।
- परिचालन लाभ वित्तीय वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के ₹2,012 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 14.46% की वृद्धि दर्शाते हुए वित्तीय वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में ₹2,303 करोड़ रहा। तिमाही-दर-तिमाही क्रमिक आधार पर इसमें 4.59% की वृद्धि हुई।
- निवल ब्याज आय (एनआईआई) वित्तीय वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के ₹2466 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 19.37% बढ़कर वित्तीय वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में ₹2,943 करोड़ हो गई। तिमाही-दर-तिमाही क्रमिक आधार पर इसमें 4.86% की वृद्धि हुई।
- निवल राजस्व (निवल ब्याज आय + अन्य आय) वित्तीय वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के ₹3,146 करोड़ की तुलना में 18.61% सुधरकर वित्तीय वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में ₹3,731 करोड़ रहा। तिमाही-दर-तिमाही क्रमिक आधार पर इसमें 3.68% की वृद्धि हुई।
- लागत से आय अनुपात वित्तीय वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के 36.04% की तुलना में वित्तीय वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के लिए 38.27% रहा। 30.09.2024 को समाप्त तिमाही में यह 38.81% था।
- आस्तियों पर आय (आरओए) वित्तीय वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के 1.55% और वित्तीय वर्ष 25 की दूसरी तिमाही के 1.74% से सुधरकर वित्तीय वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 1.78% हो गई।
- इक्विटी पर आय (आरओई) भी वित्तीय वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के 24.51% और वित्तीय वर्ष 25 की दूसरी तिमाही के 26.01% की तुलना में 22.36% रही।

**लाभप्रदता (31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ माह की अवधि)**

- निवल लाभ 31.12.2023 को समाप्त नौ माह की अवधि के ₹ 2,837 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 41.92% करोड़ बढ़कर ₹ 4,027 करोड़ हो गया।
- परिचालन लाभ 31.12.2023 को समाप्त नौ माह की अवधि के ₹ 5,796 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 17.32% की वृद्धि दर्शाते हुए ₹ 6,799 करोड़ हो गया।
- निवल ब्याज आय (एनआईआई) 31.12.2023 को समाप्त नौ माह की अवधि के ₹ 7,237 करोड़ की तुलना में 31.12.2024 को समाप्त नौ माह की अवधि के लिए वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 18.12% बढ़कर ₹ 8,549 करोड़ हो गई।
- शुल्क आधारित आय 31.12.2024 को समाप्त नौ माह की अवधि के लिए वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 16.99 % की वृद्धि के साथ ₹ 1,226 करोड़ हो गई।

प्रधान कार्यालय, लोकमंगल
1501, शिवाजीनगर, पुणे-411005
020-25614324
media@mahabank.co.in

- लागत से आय अनुपात 31.12.2023 को समाप्त नौ माह की अवधि के 37.10% की तुलना में 31.12.2024 को समाप्त नौ माह की अवधि के लिए 38.32% रहा।

- आस्तियों से आय (आरओए) दिनांक 31.12.2023 को समाप्त नौ माह की अवधि के 1.42% की तुलना में दिनांक 31.12.2024 को समाप्त नौ माह की अवधि के लिए सुधरकर 1.74% रही।

- ईक्विटी से आय (आरओई) भी दिनांक 31.12.2023 को समाप्त नौ माह की अवधि के लिए 22.70% की तुलना में दिनांक 31.12.2024 को समाप्त नौ माह की अवधि के लिए सुधरकर 23.41% रही।

**आस्तियां एवं देयताएं**

- कुल व्यवसाय वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 16.86% की वृद्धि के साथ ₹ 507,650 करोड़ रहा।

- कुल जमाराशियां वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 13.54% की वृद्धि के साथ ₹ 279,007 करोड़ रहीं।

- सकल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 21.19% की वृद्धि के साथ ₹ 228,642 करोड़ रहे।

- निवल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 21.46 % की वृद्धि के साथ ₹ 224,961 करोड़ रहे।

- आरएएम (रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई) व्यवसाय में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 23.76 % की वृद्धि हुई। रिटेल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 24.45 % की वृद्धि के साथ ₹ 61,157 करोड़ रहे। एमएसएमई अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 20.80 % की वृद्धि के साथ ₹ 47,606 करोड़ रहे।

**पूंजी पर्याप्तता :**

- 13.60 % के कॉमन इक्विटी टीयर I अनुपात के साथ कुल बेसल III पूंजी पर्याप्तता अनुपात 18.71 % रहा।

**आस्ति गुणवत्ता** :

- सकल एनपीए 31.12.2023 के 2.04 % की तुलना में 31.12.2024 को घटकर 1.80% हो गए। ये 30.09.2024 को 1.84% थे।

- निवल एनपीए 31.12.2023 के 0.22% की तुलना में 31.12.2024 को घटकर 0.20% हो गए। 30.09.2024 को ये 0.20% थे।

- प्रावधान कवरेज अनुपात 31.12.2023 के 98.40% की तुलना में 31.12.2024 को 98.28% रहा।

**₹ करोड़ में**

| विवरण | को समाप्त तिमाही | | | परिवर्तन (%) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | दिसंबर 23 | सितंबर 24 | दिसंबर 24 | तिमाही-दर-तिमाही | वर्ष-दर-वर्ष |
| कुल आय | 5,851 | 6,809 | 7,112 | 4.45 | 21.55 |
| कुल व्यय | 3,839 | 4,607 | 4,809 | 4.39 | 25.27 |

प्रधान कार्यालय, लोकमंगल
1501, शिवाजीनगर, पुणे-411005
020-25614324
media@mahabank.co.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| परिचालन लाभ | 2,012 | 2,202 | 2,303 | 4.59 | 14.46 |
| कर के अतिरिक्त प्रावधान और आकस्मिकताएं | 943 | 822 | 841 | 2.26 | (10.82) |
| कर पूर्व लाभ | 1,069 | 1,380 | 1,462 | 5.98 | 36.74 |
| कर व्यय | 34 | 53 | 56 | -- | -- |
| निवल लाभ | 1,036 | 1,327 | 1,406 | 6.01 | 35.82 |

**शीर्ष व्यवसाय** **₹ करोड़ में**

| विवरण | को | | वृद्धि (%) |
|---|---|---|---|
| | दिसंबर 23 | दिसंबर 24 | वर्ष-दर-वर्ष |
| कुल व्यवसाय | 434,404 | 507,650 | 16.86 |
| जमाराशियां | 245,734 | 279,007 | 13.54 |
| जिनमें से कासा | *123,322* | *137,493* | 11.49 |
| कुल जमाराशियों में कासा अंश (%) | *50.19* | *49.28* | |
| सकल अग्रिम | 188,670 | 228,642 | 21.19 |

**तुलन पत्र** **₹ करोड़ में**

| देयताएं | As on | | |
|---|---|---|---|
| | दिसंबर 23 | सितंबर 24 | दिसंबर 23 |
| पूंजी | 7,081 | 7,081 | 7,692 |
| आरक्षतियां व अधिशेष | 12,366 | 15,605 | 19,843 |
| जमाराशियां | 245,735 | 276,289 | 279,007 |
| उधारियां | 7,322 | 10,482 | 15,164 |
| अन्य दायित्व व प्रावधान | 6,913 | 7,518 | 7,989 |
| कुल | **279,417** | **316,975** | **329,695** |
| **आस्तियां** | | | |
| भारतीय रिजर्व बैंक के पास नकद व शेष | 13,512 | 16,574 | 15,466 |
| अल्प सूचना व मांग पर राशि तथा बैंकों के पास शेष | 5,224 | 22 | 20 |
| निवेश | 66,743 | 77,816 | 80,544 |
| अग्रिम (निवल) | 185,217 | 213,927 | 224,962 |
| स्थिर आस्तियां | 2,144 | 2,378 | 2,379 |
| कुल अन्य आस्तियां | 6,577 | 6,258 | 6,324 |
| कुल | **279,417** | **316,975** | **329,695** |

**निवेशकों के लिए एक प्रस्तुति बैंक की वेबसाइट** www.bankofmaharashtra.in **पर अलग से उपलब्ध कराई गई है।**